an>

Title: Need to name the Muzzafarpur railway station in the name of freedom fighter Shri Khudi Ram Bose.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं बहुत आभार व्यक्त करता हूं। पूरे देश में अंग्रेजों को हटाने के लिए आंदोलन हुआ था जिसमें कई लोग शहीद हुए थे। आप जानते हैं कि इस देश में ऐसे कई शहीदों के प्रति जो सम्मान होना चाहिए वह नहीं हो पाया,उसमें काफी चोट पहुंची है। मुजफ्फरपुर, बिहार में शहीद खुदी राम बोस ने 18 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए थे। उन्हें फांसी के तख्ते पर झूलना पड़ा था। किन्तु दुख की बात है कि शहीद खुदी राम बोस की चिता स्थल पर शौचालय बने हुए थे जिसे जनता ने तोड़ा भी किन्तु आज तक न ही उस मलबे को हटाया गया और न ही उनकी चिता स्थल पर कोई शहीद स्मारक बनाया गया। ...(व्यवधान) इसी प्रकार शहीद सतीश की पटना के सचिवालय पर तिरंगा झंडा फहराते हुए अंग्रेजों की गोलियों से जान गई उसमें सात लोग शहीद हुए थे।

मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि शहीद खुदी राम बोस के नाम पर मुजफ्फरपुर स्टेशन और उनकी चिता स्थल को शहीद स्मारक के रूप में बनाया जाए। साथ ही शहीद सतीश के गांव खडाहरा स्थित बाराहाट स्टेशन (बाँका जिला) का नाम शहीद सतीश स्टेशन रखा जाए।...(व्यवधान)